उत्कृष्टता को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिये ‘सुशासन पुरस्कार योजना’ की शुरुआत

चर्चा में क्यों?

6 दिसंबर, 2023 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि राज्य सरकार ने ‘हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2023’ को अधिसूचित किया है।

प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव ने बताया कि ‘हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना’ विशिष्ट उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जिसमें सुशासन में उत्कृष्ट योगदान की पहचान और पुरस्कृत करना शामिल है।
- यह योजना राज्य सरकार के विभागों, बोर्डों, निगमों, वैधानिक प्राधिकरणों, मिशन, सोसायटियों, संस्थानों, विश्वविद्यालयों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में ग्रुप ए, बी, सी और डी में सभी कर्मचारियों व अधिकारियों पर लागू होगी।
- इस योजना में प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों और कॉन्ट्रैक्ट पर लगे कर्मियों को शामिल नहीं किया गया है।
- यह पुरस्कार राज्य और ज़िला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर दिये जाएंगे।
- राज्यस्तरीय फ्लैगशिप पुरस्कार योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा लागू प्रमुख योजनाओं में असाधारण योगदान पर दिये जाएंगे। विजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रशंसा-पत्र और प्रत्येक फ्लैगशिप योजना के लिये 51,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार को टीम के सदस्यों के बीच समान रूप से वितरित किया जाएगा, जिसमें रैंक या पद मायने नहीं होगा।
- राज्यस्तरीय पुरस्कार के तहत विभिन्न पहलुओं और योजनाओं में असाधारण प्रदर्शन करने वालों को प्रदान किया जाएगा। विजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रशंसा प्रमाण-पत्र और नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें पहला पुरस्कार 51,000 रुपए, दूसरा पुरस्कार 31,000 रुपए और तीसरा पुरस्कार 21,000 रुपए का होगा। फ्लैगशिप स्कीम अवार्ड्स के साथ नकद इनाम टीम के सदस्यों के बीच समान रूप से वितरित किया जाएगा।
- ज़िला स्तर पर अनुकरणीय योगदान करने पर ज़िला स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा। विजेता टीमों को ट्रॉफी, उपायुक्त की सिफारिश के आधार पर प्रशंसा-पत्र और टीम के सदस्यों के बीच समान रूप से 31,000 रुपए का प्रथम पुरस्कार, 21,000 रुपए का दूसरा पुरस्कार और 11,000 रुपए का तीसरा पुरस्कार दिया जाएगा।
- पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये, ज़िला स्तरीय पुरस्कारों के लिये ट्राफियाँ और प्रशंसा-पत्र ज़िले के उपायुक्त की सिफारिश पर एवं राज्य स्तर पर छह पुरस्कार और असाधारण प्रदर्शन के लिये तीन पुरस्कार दिये जाएंगे।
- आवेदक अपने आवेदन अधिकार प्राप्त समिति या ‘ज़िला स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति’ को प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2023 है। सुशासन दिवस पर 25 दिसंबर, 2023 को पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाएगा।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/launchof-sushasan-puraskar-yojana-to-recognize-and-reward-excellence